वर्ष: 14 - अंक : 270, मुंबई, मंगलवार, 31 दिसंबर, 2024 ■ RNI.NO. MAHHIN/2010/34146 ■ संपादक: दिलशाद एस. खान

दैनिक
# मुंबई हलचल
भारत सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त ®
अब हर सच होगा उजागर




DESI VILLAGE
RESTAURANT & CAFE
DUBAI

# नए साल से पहले आबकारी विभाग की बड़ी कार्रवाई

# पुणे में 1 करोड़ की शराब जब्त

## 9 लोग गिरफ्तार



**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** नए साल से पहले पुणे में राज्य उत्पादन शुल्क विभाग की ओर से नकली शराब के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की गई है। राज्य उत्पादन शुल्क विभाग ने अलग-अलग जगहों पर कार्रवाई कर गोवा निर्मित शराब जब्त की है। इस कार्रवाई में कुल 1 करोड़ 20 लाख 32 हजार रुपये की शराब जब्त की गई है और 9 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। साथ ही 1668 बोतल विदेशी शराब और 5 वाहन भी जब्त किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार राज्य उत्पाद शुल्क विभाग की सासवड टीम को संदिग्ध वाहनों का निरीक्षण करते समय 3 पेटी गोवा नकली शराब मिली। **(शेष पृष्ठ 3 पर)**

इस शराब के स्टॉक को खड़की स्टेशन के पास बांटा जाना था। वहां जाकर पांच आरोपियों को शराब के साथ हिरासत में लिया गया। साथ ही 2 दोपहिया वाहन और एक छह पहिया बस को जब्त कर लिया गया

# आठवले दिखा रहे फडणवीस को आंख



## सरपंच संतोष देशमुख हत्याकांड पर बोले- कुर्की काफी नहीं

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** बीड में पवन चक्कियां स्थापित करने वाली एक ऊर्जा कंपनी से जबरन वसूली का विरोध करने वाले देशमुख का 9 दिसंबर को अपहरण कर लिया गया और उन्हें कठोर यातनाएं दी गईं, जिससे उनकी मौत हो गई। मामले में अब तक कई लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। इस मामले को लेकर महाराष्ट्र की सियासत गर्म है। इस बीच केंद्रीय मंत्री रामदास आठवले भी राज्य सरकार पर हमलावर दिख रहे हैं। केंद्रीय मंत्री रामदास आठवले ने सोमवार को कहा कि बीड जिले के मसाजोग गांव के सरपंच संतोष देशमुख की हत्या और उससे जुड़े जबरन वसूली के मामले में सिर्फ आरोपियों की संपत्ति कुर्क करना ही काफी नहीं है।

**(शेष पृष्ठ 3 पर)**

**सीएम से मिलेंगे केंद्रीय मंत्री :** केंद्रीय मंत्री ने दावा किया कि जब ऊर्जा कंपनी के सुरक्षा गार्ड अशोक सोनावणे ने मारपीट का आरोप लगाते हुए पुलिस से संपर्क किया था, तब पुलिस ने तुरंत कार्रवाई की होती, तो देशमुख की हत्या रोकी जा सकती थी।




# ताडोबा टाइगर रिजर्व हुआ हाउसफुल

## नए साल का जश्न मनाने पर्यटकों की बना पहली पसंद

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** विश्व प्रसिद्ध ताडोबा टाइगर रिजर्व में बाघों की एक झलक पाने के लिए दुनिया भर के वन्यजीव प्रेमियों के साथ-साथ घरेलू पर्यटक भी उत्सुक रहते हैं। हालांकि, अगर आप ताड़ोबा में बाघ देखने की योजना बना रहे हैं तो आपको कम से कम दो महीने इंतजार करना होगा, क्योंकि फरवरी तक जंगल सफारी की बुकिंग पूरी हो चुकी है। आपका 'इंतजार' मार्च में ही खत्म होगा और फिर बाघ के दर्शन का समय आ जाएगा। ताड़ोबा में जंगल सफारी बाघों के दर्शन की गारंटी देती है, यही कारण है कि वन्यजीव प्रेमी और पर्यटक ताड़ोबा की ओर आकर्षित होते हैं। पर्यटक हमेशा नागपुर के लिए हवाई नेटवर्क, नागपुर से ताड़ोबा तक उत्कृष्ट सड़क नेटवर्क और ताड़ोबा क्षेत्र में उत्कृष्ट आवास सुविधाएं प्रदान करने वाले रिसॉर्ट्स के कारण ताड़ोबा को पसंद करते हैं।

**(शेष पृष्ठ 3 पर)**

# 'नितेश राणे को बनाए नफरत मंत्रालय का मंत्री'

## केरल को मिनी पाकिस्तान कहने पर भड़के अबू आजमी

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** भाजपा नेता और महाराष्ट्र सरकार के मंत्री नितेश राणे अक्सर अपने बयानों के लेकर चर्चाओं में रहते है। उन्होंने एक बार फिर विवादित बयान दे दिया है। अब राणे ने केरल को मिनी पाकिस्तान करार दिया है। उन्होंने यह कह दिया कि केरल मिनी पाकिस्तान है, तभी राहुल गांधी और उनकी बहन प्रियंका गांधी यहां से जीत कर आते हैं। समाजवादी पार्टी के महाराष्ट्र के अध्यक्ष अबू आजमी ने नितेश राणे के बयान पर आपत्ति जताई है और कहा है कि वह केवल नफरत फैलाने का काम करते हैं।

**(शेष पृष्ठ 3 पर)**



### नितेश राणे ने पहले भी दे चुके है ऐसे बयान

बता दें कि भाजपा नेता नितेश राणे ने 2 नवंबर को एक और भड़काऊ बयान देते हुए कहा था कि देश में 90 फीसदी हिन्दू रहते हैं। उनके हितों की चिंता करना कोई क्राइम नहीं है। भारत रहने वाले बांग्लादेशी लोग हिन्दुओं के त्योहार पर हिंसा करते हैं। वहीं, नितेश राणे इसके पहले यह भी कह चुके हैं कि 24 घंटे के लिए पुलिस हटा दी जाए तो वह अपनी ताकत दिखा देंगे। भड़काऊ बयान देते हुए उन्होंने इससे पहले यह भी कहा कि मस्जिद में घुस कर मारेंगे।

दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

## हमारी बात

### उपभोग की तथ्य तालिका



**बढ़े उपभोग खर्च में महंगाई की भी एक भूमिका है। सरकार की ओर से मासिक उपभोग खर्च के बारे में जारी आंकड़ों से आंकना कठिन है कि कितना उपभोग बढ़ा और कितनी वृद्धि उपभोग की चीजों की महंगाई के कारण हुई।**

मासिक प्रति व्यक्ति उपभोग सर्वेक्षण (एमपीसीई) रिपोर्ट तो कुछ पहले आई थी, लेकिन अब केंद्र ने इसकी एक तथ्य तालिका जारी की है। इसमें भी वही दिखाने की कोशिश है कि अगस्त 2023 से सितंबर 2024 की अवधि में उसके पहले वाले वर्ष की तुलना में लोगों का प्रति महीने उपभोग खर्च बढ़ा। स्पष्टतः सरकार इसे शहर से गांवों तक में आय और खुशहाली बढ़ने के प्रमाण के रूप में पेश किया है। मगर जो सवाल सर्वे रिपोर्ट जारी होने के समय उठे, उनका कोई जवाब नहीं दिया गया है। विशेषज्ञों ने ध्यान दिलाया है कि सबसे ज्यादा खर्च खाद्य पदार्थों पर बढ़ा। जिस अवधि में यह सर्वे हुआ, उसमें खाद्य मुद्रास्फीति की दर ऊंची रही। फिर पुराने सर्वेक्षणों की तुलना में सर्वे विधि में जो परिवर्तन किए गए, उन्हें ध्यान में रखते हुए यह आंकना और मुश्किल हो गया है कि लोगों के उपभोग पैटर्न में सचमुच कितना बदलाव आया। खुद ताजा रिपोर्ट से ही जाहिर हुआ कि टॉप 10 प्रतिशत आबादी के उपभोग में पर्याप्त वृद्धि हुई, जबकि सबसे निचली पांच फीसदी आबादी के वास्तविक खर्च में बढ़ोतरी मद्धम रही। निचली आर्थिक श्रेणी की आबादी में जो वृद्धि दिखती है, उसमें बड़ा योगदान सरकार की तरफ से दिए जा रहे पांच किलो अनाज और प्रत्यक्ष नकदी हस्तांतरण योजनाओं का है। जाहिर है, इसे कमाई से होने वाली आमदनी की स्थिति में सुधार नहीं कहा जा सकता। एक अन्य तथ्य यह सामने आया है कि ग्रामीण इलाकों में जो उपभोग खर्च बढ़ा, खाद्य के अलावा उसका सबसे बड़ा हिस्सा इलाज, परिवहन, वस्त्र और जूते-चप्पल के हिस्से में गया। इन चीजों की लागत में भी महंगाई की एक भूमिका है। इसलिए आंकना कठिन है कि कितना उपभोग बढ़ा और कितनी वृद्धि पहले जितनी चीजों की महंगाई के कारण हुई। ये सारे उल्लेख सरकार की नकारात्मक छवि बनाने के लिए नहीं किए जा रहे हैं। मगर अपने आंकड़ों को लेकर विश्वास का संकट खुद सरकार ने खड़ा किया है। वह सभी दायरों के विशेषज्ञों को लेकर संवाद और विश्लेषण के लिए तैयार हो, तो अविश्वास का हल निकल सकता है। क्या सरकार ऐसा करेगी?

# मधुबनी जिला भारत जोड़ो अभियान की एक बैठक जीटू मैरिज हाल में एडवोकेट लालेश्वर पासवान की अध्यक्षता में हुई

**मुंबई हलचल/मो सालिम आजाद**




**मधुबनी।** मधुबनी जिला भारत जोड़ो अभियान की एक बैठक जीटू मैरिज हॉल में एडवोकेट बालेश्वर पासवान की अध्यक्षता में हुई। बैठक की कार्यवाही की संचालन डॉ रणजीत कुमार ने की इस बैठक में सर्वसम्मति से जिला स्तरीय संगठन को विस्तार करने का निर्णय लिया गया। वहीं अनुमंडल, प्रखंड, पंचायत और बुथ स्तर पर संगठन को बनाने पर सहमति बनी आज की बैठक में उपस्थित सभी लोग को सर्वसम्मति से जिला कोर कमिटी के सदस्य घोषित किए गए। वहीं श्री राम सुदिष्ट यादव को सर्वसम्मति से कार्यकारी अध्यक्ष निर्वाचित किए गये। प्रो इस्तियाक अहमद एवं विजय कुमार ठाकुर उपाध्यक्ष निर्वाचित किए गये साथ ही विधानसभा बार संयोजक निर्वाचित किए गये जो निम्नलिखित हैं। बिस्फी विधानसभा -राम इकबाल यादव। मधुबनी विधानसभा- गणेश यादव, मनोज पासवान। राजनगर विधानसभा- बालेश्वर पासवान रामनंदन पासवान। खजौली विधानसभा-राम कमल सिंह। बेनीपट्टी विधानसभा-अरुण कुमार चौधरी, उपेंद्र सिंह। बाबुबरही विधानसभा- रामसेवक राम, राम बालक मंडल। हरलाखी विधानसभा-चंद्रवीर मंडल निर्वाचित किए गये अंत में पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह एवं देश के उत्थान में अहम भूमिका निभाने वाले उद्योगपति रतन टाटा जी के सम्मान में दो मिनट का मौन श्रद्धांजलि दिया गया।

# रिफा चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री द्वारा अपलिफ्टमेंट ऑफ कॉम्युनिटी का पूरजोश कार्यक्रम हुआ

**मुंबई हलचल/शोएब म्यानुंर**



**सुरत।** सुरत शहर में रिफा चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री सुरत की जानिब से कॉम्युनिटी के लोगों के लिए तारीख 28 डिसेंबर 2024 को रिफा चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री सुरत के प्रेसिडेंट सोहैल सावानी और उनकी टीम ने अपलिफ्टमेंट ऑफ कॉम्युनिटी यानी बिजनेस एक्सिलेंस के जरिए कॉम्युनिटी की तरक्की के लिए कैसे लोग एक दूसरे के जूड कर अपना बिजनेस आगे बढ़ा सकते हैं पर एक पूरजोश कार्यक्रम मुनाकीद किया गया।

पुरे प्रोग्राम को आबीद भाई कुंडा ने होस्ट किया। कार्यक्रम की शुरूआत सोहैल सावानी ने कुरान शरीफ की तिलावत से और आए हुए सभी महेमानों के वेलकम से किया। इस मौके पर चिफगेस्ट के तौर पर सुरत शहर के मशहूरो मारुफ बिजनेस मेन के पी ग्रुप के चेयरमैन फारुक पटेल रहे। साथ में रिफा गुजरात प्रेसिडेंट सी ए सैय्युम खांन, रिफा नैशनल एडवाइजरी सोहैल साचोरा, रिफा सेंट्रल एडवाइजरी सीइओ बेंगलुरु सय्यद मुमताज, के साथ साथ ऑल इंडिया मेमन जमात फेडरेशन के वाईस प्रेसिडेंट इल्यास भा कापडीया, सुरत असमा के प्रेसिडेंट आशीफ बिस्मिल्लाह, राजहंस ग्रुप के इरफान चामड़ीया, धोराजी मेमन ट्रस्ट के प्रेसिडेंट सिद्दीक भाई राजवानी, समेत सुरत शहर के क्रीम क्लास बिजनेस मेन, और मुस्लिम कॉम्युनिटी के नुमाइंदे बड़ी तादाद में मौजूद रहे। सय्यद मुमताज ने शायराना अंदाज में अपनी स्पीच में बिजनेस को लेकर उन्होंने बताया कि आप लोग अगर एक ऑफिस से दस ऑफिस करलिए, एक स्टाफ से 15 स्टाफ करलिए तो ये कामयाबी नहीं होगी बिजनेस में कामयाबी ऐसी बनाओ कि आप नहीं रहो तब भी लोग आप को याद करे और इसे कामयाबी कहते हैं।

केपी ग्रुप के चेयरमैन फारुक पटेल ने बताया की बिजनेस को मैंने ऐसे ही नहीं बढ़ाया हूं कोई कीसीकी नकल करके अपना बिजनेस मत करो अपना मूल्य बनाना चाहिए। उन्होंने बताया कि भेगा थाव अने पछी भेगा रहो अगर बिजनेस को टॉप पर रखना है तो किसी के साथ गलत ना करें। पैसे की जरूरत तो सब को है लेकिन गलत करके पैसे मत कमाएं इमानदारी के साथ कमाना सीखो, और अपनी मुल्य अपनी पेहचान खुद बनाओ, प्रोग्राम के आखरी में रिफा सूरत के वाइस प्रेसिडेंट बशीर मंसुरी, ने आए हुए सभी महेमानों का वॉट ऑफ थेंक्स (सुख्रिया अदा किया) और बताया कि "rifah.org" (रिफा. ओआरजी) की वेबसाइट पर जाकर आप लोग अपना रजिस्ट्रेशन कर के रिफा के साथ मेंम्बर शिप जोइंन करके अपने बिजनेस को डेवलप करें और एक दुसरे के साथ जूड़ें। रिफा सुरत की टीम में रिफा सूरत सेक्रेटरी मोमीन हुसैन, यासीर कंदोई, एहसान अली, इर्शाद दानावाला, अफजल नवीवाला, सकील बचाव, बिलाल आमला, मौसूद वोराजी, अनीस कच्छी, इस प्रोग्राम को कामयाब बनाया।



# चुनावी प्रक्रिया को लेकर बड़ा बदलाव

**दिल्ली।** देश में पूरी चुनाव प्रक्रिया पर एक गिरोह का कब्जा हो गया है। ईवीएम तो सिर्फ एक हथियार है। चुनाव आयोग से जुड़े नियम-कानून बार-बार बदले जा रहे हैं और ये बदलाव नकारात्मक हैं। ये चोरी पर परदा डालने वाले हैं। नया नियम बनाया गया है कि कोई भी व्यक्ति चुनाव से जुड़े डिजिटल या इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य नहीं मांग सकता। पहले मांग सकता था तब क्या नुकसान हुआ? जनता के लिए जो सूचनाएं उपलब्ध थीं, अब उन्हें ढंका क्यों जा रहा है? क्या किसी चोरी को ढंकने के लिए यह नियम लाया गया? पहले चुनाव आयुक्तों के लिए चयन समिति में बदलाव करके उसमें से मुख्य न्यायाधीश को हटा दिया और सरकार ने आयुक्त की नियुक्ति को अपने कब्जे में लिया। अब यह नया नियम। ईवीएम से पहले इस भ्रष्ट गिरोह को हटाना होगा जिसने पूरे सिस्टम पर कब्जा कर लिया है।

मालिक,मुद्रक,प्रकाशक-**दिलशाद एस खान** द्वारा एस आर प्रिंटिंग प्रेस,मोहन अर्जुन कंपाउंड, वैशाली नगर दहिसर (पूर्व),मुंबई-68 से मुद्रित व मुंबई हलचल,साईं मंगल को ऑ हॉ सो बी-2-301,इस्माइल बाग नियर मालाड शॉपिंग सेंटर, एस वी रोड,मालाड (प) मुंबई से प्रकाशित RNI NO MAHHIN/2010/34146, फोन: **9619102478 /9821238815**
email: mumbaihalchal@gmail com संपादक: **दिलशाद एस खान**, समाचार पत्र में छपे किसी भी समाचार से संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। किसी भी विवाद का निपटारा न्याय क्षेत्र मुंबई होगा।

# कंबल दान अभियान, इस सर्दी बेघर लोगों के लिए हीरो बनें




**हमें** यह बताते हुए खुशी हो रही है कि हमारी संस्था बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन कर रही है। यह कार्यक्रम रविवार, 12 जनवरी 2025 को दोपहर 12 बजे से ट्रस्ट कार्यालय में आयोजित होगा। हम आपसे विनम्र निवेदन करते हैं कि इस नेक कार्य में योगदान देने के लिए आगे आएं और 10 जनवरी 2025 से पहले उदारतापूर्वक दान करें। सभी कंबल दान कर्ताओ को संस्था के माध्यम से सम्मान पत्र दे कर सम्मानित किया जाएगा।

**अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें:**
**बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ चैरिटेबल ट्रस्ट**
**'आर' विंग, दुकान नंबर 4, गोकुल विलेज, शांति पार्क,**
**मीरा रोड - 401107**
**मोबाइल नंबर:**
**9967119955**

# सरेआम 2 सगे भाइयों की हत्या, पैसों के विवाद में चाकू से किया हमला, 4 आरोपी गिरफ्तार

**नागपुर।** नागपुर में सड़क पर रात में दोहरे हत्याकांड को अंजाम दिया गया। इससे इलाके में दहशत का माहौल बन गया था। इस सनसनीखेज मामले में दो लोगों की हत्या हो गई। तहसील पुलिस थानांतर्गत 2 सगे भाइयों पर उन्हीं के दूर के रिश्तेदार ने चाकू से हमला कर मौत के घाट उतार दिया। व्यवसाय के पैसों के लेन-देन के विवाद को लेकर हत्या होने की जानकारी है। पुलिस ने इस हत्या में शामिल 4 आरोपियों को भी हिरासत में लिया है और अन्य की तलाश कर रही थी। गांधीबाग उद्यान के पास रविवार रात करीब 10:45 बजे बीच सड़क पर हत्या की यह वारदात हुई। मृतक सगे भाइयों में रवि राजेश राठौड़ (35) और दीपक राजेश राठौड़ (40) प्लॉट नंबर 179, भवानी नगर पारडी निवासी का समावेश है। पुलिस ने हत्या के सूत्रधार बदन सिंह उर्फ मामा रामगोपाल राठौड़ (45), उसके बेटे अभिषेक राठौड़, साले मनोज राठौड़ और भतीजे विवेक राठौड़ को गिरफ्तार किया है। बदन सिंह का बेटा सोनू फरार है। आरोपियों की मृतक राठौड़ भाईयों से पिछले एक साल से दुश्मनी चल रह थी। इसके चलते ही हत्या की यह घटना हुई। राठौड़ बंधु महाल में चूड़ी बेचते थे। बदन सिंह और उसके बेटों की भी हंसापुरी में चूड़ी की दुकान है। रवि राठौड़ ने एक साल पहले अभिषेक से बाइक दिलाने के नाम पर 20,000 रुपए लिए थे। बाइक नहीं दिलाने पर अभिषेक रुपये वापस मांग रहा था लेकिन वह टालमटोली कर रहा था। इस पर उनके बीच विवाद हुआ था। रवि ने अभिषेक की दुकान से 10,000 रुपए की चूड़ी भी उधार ली थी। बताया जा रहा है कि 6 माह पहले आरोपियों की दुकान पर हमला हुआ था। इस हमले में हंसापुरी के युवक लिप्त थे। हमलावरों की रवि ने मदद की थी। आरोपियों को रवि के ही इशारे पर हमला होने का संदेह था। राठौड़ बंधु गांधीबाग और हंसापुरी में सक्रिय थे। उनके हावी होने से आरोपी चिंतित थे।

# आईसीआईसीआई प्रू विश-जीवन बीमा उद्योग में आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ का पहला महिला-विशेष स्वास्थ्य बीमा

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**ठाणे।** आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस ने 'आईसीआईसीआई प्रू विश' लॉन्च किया है, जो जीवन बीमा उद्योग का पहला स्वास्थ्य उत्पाद है, जो विशेष रूप से महिलाओं के लिए डिजाइन किया गया है। आईसीआईसीआई प्रू विश स्तन, गर्भाशय ग्रीवा, गर्भाशय के कैंसर और हृदय रोग जैसी गंभीर बीमारियों के निदान के लिए स्वास्थ्य कवर राशि का 100% तक तुरंत भुगतान करता है। महत्वपूर्ण बात यह है कि, इस स्वास्थ्य उत्पाद की प्रीमियम राशि 30 वर्षों तक स्थिर रहती है, जिससे ग्राहकों को अपने वित्तीय खर्चों की बेहतर योजना बनाने में मदद मिलती है। इस प्रोडक्ट की एक और खास विशेषता है 'प्रीमियम हॉलिडे,' यानी ग्राहक प्रीमियम भुगतान अवधि के दौरान 12 महीने तक किसी भी समय प्रीमियम का भुगतान न करने का विकल्प चुन सकते हैं।

इसके अलावा, यह उत्पाद ग्राहकों को मातृत्व संबंधी जटिलताओं और नवजात शिशुओं की जन्मजात बीमारियों से संबंधित कवर लेने का विकल्प भी प्रदान करता है। श्री अमित पल्टा, चीफ प्रोडक्ट और डिस्ट्रीब्यूशन ऑफिसर, आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस ने कहा, आईसीआईसीआई प्रू विश जीवन बीमा उद्योग का पहला स्वास्थ्य उत्पाद है, जिसे विशेष रूप से महिलाओं की स्वास्थ्य जरूरतों को पूरा करने के लिए डिजाइन किया गया है। गंभीर बीमारी के निदान पर मिलने वाला एकमुश्त भुगतान उन्हें ऐसी कठिन परिस्थितियों का सामना करने के लिए आर्थिक मजबूती देता है। 30 वर्षों के लिए प्रीमियम गारंटी देने के अलावा, इस उत्पाद को इस तरह से डिजाइन किया गया है कि ग्राहकों को कुछ मेडिकल स्थितियों के लिए कई बार दावा करने की सुविधा मिलती है। ग्राहकों को मिलने वाला अतिरिक्त भुगतान उन्हें पुनर्वास खर्च को उठाने में मदद कर सकता है।

## (पृष्ठ 1 का समाचार)

### पुणे में 1 करोड़ की शराब जब्त

उनसे प्राप्त जानकारी पर नसरापुर में शेड में छापा मारा गया। वहां ट्रक में ईंट भट्टों के लिए आवश्यक कोयला पाउडर और विभिन्न ब्रांडों की गोवा निर्मित विदेशी शराब की पेटियां और पात्रा शेड में गोवा निर्मित शराब की थमाकोल पेटियां मिलीं। पता चला कि शराब को फ्रूट पल्प के नाम पर गुजरात व अन्य जगहों पर भेजने के लिए थमाकोल के डिब्बों में पैक किया जा रहा था। यहां से छह चक्का ट्रक, 51 लाख 95 हजार 170 रुपये मूल्य की 1710 बोतल गोवा निर्मित विदेशी शराब जब्त की गयी है और चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है। दूसरी कार्रवाई निगडी में पवले ब्रिज के नीचे भक्ति शक्ति चौक पर की गई है। पड़ोसी राज्य गोवा में बिक्री के लिए विदेशी शराब और बीयर का कुल शराब स्टॉक 1 लाख 34 हजार 230 रुपये एक ट्रैवल कंपनी की निजी बस से लाया जा रहा था। बस ड्राइवर को हिरासत में लिया गया और यह स्टॉक जब्त कर लिया गया। इस शराब के स्टॉक को खड़की स्टेशन के पास बांटा जाना था। वहां जाकर पांच आरोपियों को शराब के साथ हिरासत में लिया गया। साथ ही 2 दोपहिया वाहन और एक छह पहिया बस को जब्त कर लिया गया। यहां से 126 बोतल विदेशी शराब, 24 बोतल बीयर और कुल 68 लाख 37 हजार 730 रुपये सामग्री जब्त किये गये हैं। इन दोनों अपराधों में 1 करोड़ 20 लाख 32 हजार 900 रुपये का माल जब्त किया गया है और 9 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।

### ताडोबा टाइगर रिजर्व हुआ हाउसफुल

वर्तमान स्थिति में, ताड़ोबा के लिए जंगल सफारी की बुकिंग प्राप्त करना मुश्किल हो गया है। यहां मोहुर्ली, नवेगांव, कोलारा और पंगडीझरी आदि सभी गेट (कोर जोन) फरवरी तक हाउसफुल हैं। मार्च के बाद भी मोहुरली गेट पर मात्र 10 से 15 प्रतिशत बुकिंग ही उपलब्ध है। नवेगांव गेट पर अब कम फेरियां बची हुई है। पर्यटकों की पहली पसंद कोर जोन में जंगल सफारी पर जाना होगा, लेकिन चूंकि ताड़ोबा में जंगल सफारी फरवरी तक कोर जोन में पूरी तरह भरी रहती है, इसलिए कई पर्यटक बफर जोन का विकल्प चुन रहे हैं। ताड़ोबा के बफर जोन में मोहुरली 3 में 5 गेट, कोलारा में 5 गेट और नवेगांव क्षेत्र में 2 गेट हैं। हालांकि, बफर जोन में भी नए साल के लिए सफारी बुकिंग मिलना मुश्किल हो गया है। ऐसी स्थिति होती है कि आपकी बुकिंग तभी कन्फर्म होगी जब कोई पर्यटक अपनी बुकिंग रद्द कर देगा। ताड़ोबा जंगल सफारी के लिए तत्काल ऑनलाइन बुकिंग सेवा भी उपलब्ध है। तत्काल बुकिंग तीन दिन पहले की जा सकती है। इसके लिए अतिरिक्त शुल्क देना होगा। लेकिन सैकड़ों पर्यटक तत्काल बुकिंग पाने के लिए ऑनलाइन इंतजार कर रहे हैं। इसलिए, इसकी कोई गारंटी नहीं है कि आपको तुरंत बुकिंग मिल जाएगी।

### 'नितेश राणे को बनाए नफरत मंत्रालय का मंत्री'

सपा नेता अबू आजमी ने कहा कि नितेश राणे बहुत छोटा आदमी है। अगर मुख्यमंत्री चाहें तो नितेश राणे को एक ऐसा मंत्रालय बना कर दे दें, जिसमें नफरत भड़काने वालों को रखा जाए और इन्हें उस कैबिनेट का मंत्री बना दें। राणे का पोर्टफोलियो नफरत वाला हो जाना चाहिए। ये आदमी जो चाहे बोल देता है, इस पर कोई रोक टोक नहीं है। सपा विधायक अबू आजमी ने आगे कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि नफरत की बात करने वालों पर स्वतः संज्ञान लिया जाना चाहिए। क्या सरकारें नपुंसक हो गई हैं, जो इस पर केस नहीं करती हैं? देश के एक हिस्से, एक राज्य को यह कह देना कि यह आतंकवादी स्टेट है, क्या यह ठीक है? उन्होंने कहा कि मुझे खुशी है कि केरल एक धर्मनिरपेक्ष राज्य है, जो नफरत करने वालों को अपने यहां पनपने नहीं दे रहा। इसलिए इनका कलेजा फटा जा रहा है।

### आठवले दिखा रहे फडणवीस को आंख

देशमुख के परिजनों से मिलने के बाद आठवले ने कहा कि मामले में शामिल आरोपियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार किया जाना चाहिए। हालांकि, देशमुख की हत्या से जुड़े जबरन वसूली के मामले में आरोपी वाल्मीक कराड को लेकर सियासी खींचतान शुरू हो गई है, जिसे परली से राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी विधायक और राज्य सरकार में मंत्री धनंजय मुंडे का करीबी सहयोगी माना जाता है। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने 28 दिसंबर को राज्य पुलिस के अपराध जांच विभाग से संतोष देशमुख हत्याकांड के आरोपियों की संपत्तियां कुर्क करने को कहा था। केंद्रीय सामाजिक न्याय और अधिकारिता राज्य मंत्री आठवले ने कहा कि सिर्फ संपत्ति कुर्क करने से काम नहीं चलेगा। दोषियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार किया जाना चाहिए। मामला गंभीर है और पुलिस को किसी भी तरह के दबाव में काम नहीं करना चाहिए। मामले को सुलझाने और फरार आरोपियों की गिरफ्तारी में देरी का हवाला देते हुए आठवले ने कहा कि मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने विधानसभा को तीव्र जांच का भरोसा दिलाया था, ऐसे में यह स्वीकार्य नहीं है।

# 12 कंटेनर में भरा जहरीला कचरा, हाईकोर्ट में याचिका, आज भेजने पर संशय

## यूका के 337 मीट्रिक टन जहरीले कचरे की पैकेजिंग सोमवार को एक्सपर्ट की निगरानी में पूरी

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

यूनियन कार्बाइड के गोदाम में रखे 337 मीट्रिक टन जहरीले कचरे की पैकेजिंग सोमवार को एक्सपर्ट की निगरानी में पूरी हो गई है। जिसके बाद जेसीबी की मदद से 12 कंटेनर को एयर टाइट कर लोड कर दिया गया है, बारह कंटेनर में कचरा पैक मंगलवार सुबह 250 किमी का ग्रीन कॉरीडोर बनाकर भोपाल से पीथमपुर ले जाने की तैयारी थी। लेकिन याचिका दाखिल होने के बाद मंगलवार को कंटनरों को भेजने पर संशय है। सोमवार को एक्सपर्ट्स की मौजूदगी में कचरे को 12 कंटेनर में भरने की प्रोसेस शुरू हुई। देर रात तक सभी 12 कंटेनरों को ही अपलोड किया जा सका। इस प्रक्रिया में कैंपस को 200 मीटर के दायरे को सील कर दिया है। सोमवार को 400 से ज्यादा अधिकारी-कर्मचारी, एक्सपर्ट्स और डॉक्टरों की टीम इस काम में जुटी रही। मालूम हो कि गैस कांड के 40 साल बाद पीथमपुर इंडस्ट्रियल वेस्ट मैनेजमेंट (रामकी) कंपनी के एक्सपर्ट्स की मॉनिटरिंग में ये कचरा भरा जा रहा है। एमपीपीसीबी ने 24 कंटेनरों की स्वीकृति दी है लेकिन पूरा कचरा 12 कंटेनर में ही आ गया।

**250 किलोमीटर का ग्रीन कॉरीडोर बनाकर भोपाल से पीथमपुर ले जाया जाएगा**

याचिका में कहा गया है कि करीब 30 किमी दूर इंदौर के नागरिकों के साथ ही आबो-हवा पर बुरा प्रभाव पड़ सकता है। इस पर सुनवाई 9 जनवरी संभावित

यूका कैंपस को 200 मीटर के दायरे को सील कर दिया। सोमवार को 400 से ज्यादा अधिकारी-कर्मचारी, एक्सपर्ट्स और डॉक्टरों की टीम इस काम में जुटी रही

यानी, 2 जनवरी तक हर हाल में कचरा पीथमपुर भेजना ही है

*3 जनवरी को सरकार को हाईकोर्ट में रिपोर्ट पेश करनी है*



ट्रक करोंद मंडी होते हुए पीपुल्स मॉल, करोंद चौराहा, गांधी नगर, मुबारकपुर, सीहोर नाका होते हुए इंदौर जाएंगे

### गाइडलाइन कर रहे फॉलो

*गाइडलाइन को फॉलो करते हुए कचरे को भोपाल से पीथमपुर ले जाया जाएगा। हाईकोर्ट के निर्देश में पूरी प्रोसेस की जा रही है। कंटेनरों में कचरे की लोडिंग की जा रही है।*

*स्वतंत्र कुमार सिंह, संचालक गैस राहत-पुनर्वास*

### इस रास्ते से पीथमपुर जाएगा कचरा

हर कंटेनर का एक यूनिक नंबर होगा। ये कंटेनर जिस रूट से निकलेंगे उसकी सूचना जिला प्रशासन को दे दी जाएगी। रास्ते पर ट्रैफिक रोकने की जिम्मेदारी भोपाल और इंदौर के संभाग कमिश्नरों को सौंपी गई है। ट्रक करोंद मंडी होते हुए पीपुल्स मॉल, करोंद चौराहा, गांधी नगर, मुबारकपुर, सीहोर नाका होते हुए इंदौर जाएंगे।

### चिकित्सकों ने दायर की याचिका, कचरा नष्ट करने पर तुरंत रोक लगाने की गुहार

इंदौर। इधर, पीथमपुर की एक औद्योगिक अपशिष्ट निपटान इकाई में नष्ट किए जाने की कवायद पर तुरंत रोक लगाए जाने की गुहार लगाते हुए चिकित्सकों के एक समूह ने उच्च न्यायालय की इंदौर पीठ सोमवार को जनहित याचिका दायर की। याचिका में आशंका जताई गई है कि जहरीले कचरे को पीथमपुर में एक निजी कंपनी द्वारा संचालित जा रही इकाई में नष्ट किए जाने से इस औद्योगिक कस्बे और इससे करीब 30 किमी दूर इंदौर के नागरिकों के साथ ही आबो-हवा पर बुरा प्रभाव पड़ सकता है। याचिका ऐसे वक्त दायर की गई है, जब जहरीले कचरे को भोपाल से पीथमपुर भेजकर इसे नष्ट किए जाने की उल्टी गिनती शुरू हो गई है। याचिकाकर्ताओं के वकील अभिनव पी. धनोदकर ने बताया सुनवाई की संभावित तारीख 9 जनवरी तय की गई है, लेकिन हमने उच्च न्यायालय से गुहार लगाई है विशेष पीठ इस याचिका पर तुरंत सुनवाई करे।

## बिहार लोकसेवा आयोग की प्रारंभिक परीक्षा को रद्द कराने अभ्यर्थियों का धरना जारी

# शांति बनाए रखने की अपील के साथ ही मांगों पर विचार करने का दिया आश्वासन

अभ्यर्थियों से मिले मुख्य सचिव मीणा परीक्षार्थियों ने मांगों से कराया अवगत



बिहार लोकसेवा आयोग (बीपीएससी) की 70वीं प्रारंभिक परीक्षा को रद्द कराने की मांग को लेकर 13 दिन से पटना में अभ्यर्थियों का धरना जारी

**परीक्षार्थियों के 11 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने सौंपा मांगपत्र**

***मांगपत्र पर विधिसम्मत कार्रवाई करेंगे***

मुंबई हलचल / पटना

बिहार लोकसेवा आयोग (बीपीएससी) की 70वीं प्रारंभिक परीक्षा को रद्द कराने की मांग को लेकर 13 दिनों से पटना में अभ्यर्थियों का धरना जारी है। इस बीच बीपीएससी अभ्यर्थियों के एक प्रतिनिधिमंडल ने सोमवार को बिहार के मुख्य सचिव अमृतलाल मीणा से मुलाकात कर अपनी मांगें रखीं। मुख्य सचिव ने इन मांगों पर विचार करने का आश्वासन दिया है। बीपीएससी अभ्यर्थियों के प्रतिनिधिमंडल से बातचीत के बाद सीएस कार्यालय ने एक बयान जारी करके कहा कि परीक्षार्थियों के 11 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने मुख्य सचिव से मिलकर 70वीं बिहार लोक सेवा आयोग परीक्षा के संदर्भ में मांग पत्र समर्पित किया है। इसमें पूरी प्रारम्भिक परीक्षा को रद्द करने, परीक्षा में अनियमितता की उच्चस्तरीय जांच कराने, अभ्यर्थियों के खिलाफ दर्ज मुकदमे वापस लेने, परिक्षार्थियों पर अत्यधिक बल प्रयोग करने में संलिप्त कर्मियों पर कार्रवाई करने व दिवंगत सोनू कुमार के परिवार को मुआवजे देने की मांग की है।

सड़क और रेल मार्ग को कर दिया जाम



मुख्य सचिव के कार्यालय ने अपने बयान में कहा कि बीपीएससी परिक्षार्थियों के मांग-पत्र समर्पित करने के क्रम में बापू परीक्षा केंद्र के अलावा कुछ अन्य परीक्षा केंद्रों के संबंध में मुद्दे समर्पित किए हैं। सभी बिंदुओं पर गहराई से चर्चा करने के उपरांत प्रतिनिधिमंडल को आश्वासन दिया गया है कि उनके द्वारा समर्पित मांग-पत्र पर विधि-सम्मत कार्रवाई की जाएगी। परीक्षार्थियों को यह भी सुझाव दिया गया है कि वे शांति बनाए रखें।

**किसी व्यक्ति के बहकावे में न आएं**

उन्होंने कहा कि मैं अभ्यर्थियों से भी अपील करता हूं कि वे शांतिपूर्ण और रचनात्मक तरीके से अपनी बातों को सरकार के समक्ष रखें और किसी भी राजनीतिक व्यक्तियों के बहकावे में आने से बचें। यह मुद्दा पूर्ण रूपेण युवाओं के भविष्य पर है।

### राज्यपाल ने जानकारी ली

राज्यपाल ने बीपीएससी के चेयरमैन रवि मनु भाई परमार को तलब कर मामले की जानकारी ली है। पूर्णिया के सांसद पप्पू यादव ने भी राज्यपाल से फोन पर बात करके इस मुद्दे को उठाया। तेजस्वी यादव ने सीएम पर आरोप लगाए।

### पीके ने सरकार को दिया 24 घंटे का अल्टीमेटम



'जन सुराज' के सूत्रधार प्रशांत किशोर ने सीएम नीतीश कुमार को 48 घंटे का अल्टीमेटम दिया है। उन्होंने कहा कि अगर दो दिन में कुछ एक्शन नहीं हुआ तो वह आगे निर्णय लेंगे, कोर्ट भी जाएंगे। अभ्यर्थी आंदोलन की जगह पढ़ाई करना चाहते हैं। सरकार एक कदम बढ़ाते हुए अभ्यर्थियों के पक्ष में निर्णय ले। सीएम से मिलने के लिए भी अभ्यर्थी तैयार हैं लेकिन अगर हमारी मांग 48 घंटे के अंदर नहीं मानी गई तो फिर अभ्यर्थियों की मर्जी के अनुसार हम आगे भी प्रदर्शन करेंगे।



### बिहार में छात्रों पर अत्याचार हो रहा: प्रियंका



प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा कि बिहार में तीन दिन के अंदर दूसरी बार छात्रों पर अत्याचार किया गया। परीक्षाओं में भ्रष्टाचार, धांधली, पेपर लीक रोकना सरकार का काम है। भ्रष्टाचार रोकने की जगह छात्रों को आवाज उठाने से रोका जा रहा है। इस कड़ाके की ठंड में युवाओं पर पानी की बौछार और लाठी चार्ज करना अमानवीय है। भाजपा का डबल इंजन युवाओं पर डबल अत्याचार का प्रतीक बन गया है।

महागठबंधन के नेताओं ने किया जाम

### सीएम नीतीश कुमार का पुतला फूंका



परीक्षा रद्द कराने की मांग को लेकर महागठबंधन के नेता सड़क पर उतर गए हैं। राजद और वामदल ने नेताओं ने दरभंगा और आरा में ट्रेनें रोक दी है। समस्तीपुर में सड़क जाम कर बवाल कर रहे हैं।समस्तीपुर-पटना मार्ग को अवरुद्ध कर दिया है। महागठबंधन के नेता सड़क और रेलवे ट्रैक पर बवाल कर रहे हैं। पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई करे। इधर, सड़क और रेलवे ट्रैक पर प्रदर्शन के कारण यातायात पूरी तरह ठप हो गई है। इस दौरान सीएम का पुतला भी फूंका।

## चिराग की नीतीश से हस्तक्षेप की अपील

# छात्र मांगों को लेकर सड़क पर उतरे, संयम बरते पुलिस



मुंबई हलचल / नई दिल्ली

केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने पटना में बिहार लोक सेवा आयोग के अभ्यर्थियों पर हुए लाठीचार्ज के बाद इस मामले में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से हस्तक्षेप की अपील की है। उन्होंने सोशल मीडिया अकाउंट पर लिखा कि जल्द ही इस पहल के सार्थक परिणाम दिखेंगे। यह हमारी सरकार की सकारात्मक सोच और छात्रों के प्रति संवेदनशीलता का परिणाम है। चिराग ने आगे लिखा कि पटना में हुए छात्रों पर लाठीचार्ज और वाटर कैनन के इस्तेमाल का मैं कभी समर्थक नहीं रहा, पुलिस को संयम बरतना चाहिए। छात्र अपनी मांगों को लेकर सड़क पर उतरे हैं तो उन्हें शांतिपूर्ण तरीके से समझा कर उनकी समस्याओं के निदान के लिए प्रयास करना चाहिए।

### छात्रों पर लाठीचार्ज करना अनुचित

छात्रों पर लाठीचार्ज और वाटर कैनन का इस्तेमाल नहीं करना चाहिए। मैंने मुख्यमंत्री से इस बात को भी कहा है कि ऐसे पुलिस अधिकारी जो ऐसे कार्यों में संलिप्त पाए जाते हैं, उनपर भी कानून कार्रवाई की जानी चाहिए।
चिराग ने इस पूरे घटनाक्रम को देखते हुए अपनी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने लिखा कि बिहार के युवाओं और बीपीएससी अभ्यर्थियों के मुद्दों को लेकर एनडीए सरकार के प्रमुख सहयोगी होने के नाते मैंने बिहार सरकार और माननीय मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से तुरंत हस्तक्षेप करने की अपील की है। चिराग ने आगे लिखा कि इसके परिणामस्वरूप सरकार की ओर से मुख्य सचिव ने अभ्यर्थियों और छात्रों के साथ संवाद की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

### छात्र शांतिपूर्वक-रचनात्मक तरीके से बात रखें

चिराग ने लिखा कि मैं अभ्यर्थियों से भी अपील करता हूं कि वे शांतिपूर्ण और रचनात्मक तरीके से अपनी बातों को सरकार के समक्ष रखें और किसी भी राजनीतिक व्यक्तियों के बहकावे में आने से बचें। यह मुद्दा पूर्ण रूपेण युवाओं के भविष्य और बिहार के विकास से जुड़ा है, जिसे राजनीति से ऊपर रखकर हल किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमारी पार्टी हर कदम पर युवाओं के साथ खड़ी है। कुछ राजनीतिक व्यक्ति और दल जो छात्रों को भटकाने का काम कर रहें है , ये गलत है। अपने राजनीतिक लाभ के लिए छात्रों का इस्तेमाल करना कतई उचित नहीं है। मुख्यमंत्री स्वयं इस मामले को लेकर सजग है, सरकार छात्रों की हर संभव मदद के लिए प्रयासरत है।

## अंतिम मतदाता सूची 6 जनवरी, 2025 को की जाएगी प्रकाशित

# मतदाता पहचान पत्र प्राप्त करने के लिए झूठे दस्तावेज देना अपराध है : सीईओ

मुंबई हलचल / नई दिल्ली



दिल्ली में मतदाता पहचान पत्र (वोटर आईडी कार्ड) प्राप्त करने के लिए झूठे दस्तावेज़ प्रस्तुत करना दंडनीय अपराध है। 28 नवंबर 2024 के बाद नए मतदाता पंजीकरण के लिए 4 लाख 80 हजार से अधिक फॉर्म प्राप्त हुए हैं और अंतिम मतदाता सूची 6 जनवरी, 2025 को प्रकाशित की जाएगी। दिल्ली के मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय (सीईओओ ) की तरफ से सोमवार को जारी प्रेस बयान में यह जानकारी दी गई प्राप्त जानकारी के अनुसार कार्यालय सक्रिय रूप से मतदाता सूचियों का विशेष सारांश संशोधन कर रहा है, जिसकी अर्हता तिथि एक जनवरी, 2025 निर्धारित की गई है। यह प्रक्रिया भारत के चुनाव आयोग के निर्देशों के अनुसार की जा रही है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि मतदाता सूची सभी पात्र मतदाताओं के लिए अपडेटेड और समावेशी रहें। पूर्व-संशोधन अवधि के दौरान, बूथ स्तर के अधिकारियों द्वारा 20 अगस्त, 2024 से 18 अक्टूबर, 2024 तक घर-घर जाकर सत्यापन किया गया। सीईओ कार्यालय ने बताया कि ईसीआई के दिशा-निर्देशों के अनुसार, चुनाव कार्यक्रम की घोषणा के 10वें दिन के बाद प्रविष्टियों में सुधार या नामों को हटाने का काम नहीं किया जाएगा। सीईओ कार्यालय दिल्ली प्रत्येक पात्र मतदाता के लोकतांत्रिक अधिकारों की रक्षा करने और एक स्वतंत्र, निष्पक्ष और पारदर्शी चुनावी प्रक्रिया को बनाए रखने के लिए अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है।

सीईओ कार्यालय के अनुसार इस प्रक्रिया का उद्देश्य अपंजीकृत पात्र नागरिकों, एक अक्टूबर, 2025 तक 18 वर्ष की आयु प्राप्त करने वाले संभावित मतदाताओं, साथ ही स्थायी रूप से स्थानांतरित या मृत मतदाताओं और डुप्लिकेट प्रविष्टियों की पहचान करना था। इसके बाद, 29 अक्टूबर, 2024 को मतदाता सूचियों का मसौदा प्रकाशन पूरा हुआ, जिसमें जनता से दावे और आपत्तियां दाखिल करने के लिए आमंत्रित किया गया। इन्हें 28 नवंबर, 2024 तक स्वीकार किया गया और सभी का 24 दिसंबर, 2024 तक समाधान कर दिया गया। इन सभी अपडेट्स को दर्शाते हुए अंतिम मतदाता सूची 6 जनवरी, 2025 को प्रकाशित होने वाली है।

### पंजीकरण नहीं कराने वाले अभी भी कर सकते हैं आवेदन

सीईओ कार्यालय ने बताया कि हालांकि, नाम जोड़ना, हटाना और संशोधन को अपडेट करना एक सतत गतिविधि है और वर्तमान में भी यही चल रही है। 29 नवंबर, 2024 से लेकर सोमवार 30 दिसंबर 2024 तक नए पंजीकरण के लिए 4 लाख, 85 हजार,624 आवेदन (फॉर्म 6), हटाने के लिए 82 हजार 450 आवेदन (फॉर्म 7) और संशोधन के लिए 1 लाख, 71 हजार, 385 आवेदन (फॉर्म 8) प्राप्त हुए हैं। जिन नागरिकों ने अभी तक मतदाता के रूप में पंजीकरण नहीं कराया है, वे अभी भी फॉर्म 6 का उपयोग करके नामांकन के लिए आवेदन कर सकते हैं, जिसके लिए संबंधित बूथ लेवल अधिकारी द्वारा सत्यापन के लिए सहायक दस्तावेज जमा करने की आवश्यकता होती है। मतदाता सूची में संशोधन या हटाने के लिए फॉर्म 8 और फॉर्म 7 दाखिल किया जा सकता है।

## उन्होंने वैश्विक शांति और सद्भाव के लिए अथक प्रयास किया

भारत-अमेरिका के बीच संबंधों को मजबूत बनाने में अहम योगदान दिया

# अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति जिमी कार्टर के निधन पर पीएम मोदी ने शोक व्यक्त किया

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति जिमी कार्टर के निधन पर शोक व्यक्त किया। एक्स पर पोस्ट में पीएम ने लिखा कि अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति के निधन से बहुत दुःख हुआ। वे एक महान दूरदर्शी राजनेता थे। जिन्होंने वैश्विक शांति और सद्भाव के लिए अथक प्रयास किया। भारत-अमेरिका के बीच संबंधों को मजबूत बनाने में उनके योगदान ने एक स्थायी विरासत छोड़ी है। उनके परिवार, मित्रों और अमेरिका के लोगों के प्रति मेरी हार्दिक संवेदनाएं।

### 1977 से 1981 तक रहे राष्ट्रपति



कार्टर का बीते रविवार को अमेरिका के जॉर्जिया में 100 वर्ष की आयु में निधन हुआ। वेअमेरिका के सबसे अधिक आयु तक जीवित रहे 39वें राष्ट्रपति थे। बतौर डेमोक्रेटिक पार्टी के राष्ट्रपति के रूप में उनका कार्यकाल वर्ष 1977 से 1981 तक रहा। कार्टर अमेरिका के तीसरे ऐसे शीर्ष नेता थे। जिन्होंने भारत की यात्रा की थी। राष्ट्रपति जो.बाइडन ने अपने शोक संदेश में कहा कि आज अमेरिका और पूरी दुनिया ने एक असाधारण नेता को खो दिया है। कार्टर के परिवार में उनकी पूर्वमृत पत्नी रोसलयन्न और बच्चे जैक, चिप, जेफ और एमी शामिल हैं। 11 नाती-पोते (ग्रैंडचिल्ड्रन) और 14 महान पोते (ग्रेट ग्रैंडचिल्ड्रन) उनके परिवार का हिस्सा हैं।

**अमेरिका से बेहद प्यार करते थे कार्टरः ट्रंप**

अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि वे कार्टर की विचारधारा और राजनीति को बिलकुल भी इत्तेफाक नहीं रखते हैं। लेकिन वे हमारे देश को सम्मान के साथ प्यार करते थे। वे इसके लिए अडिग रहे। उन्होंने अमेरिका को अच्छी जगह बनाने कड़ी मेहनत की।

### हरियाणा में है कार्टरपुरी गांव

कार्टर सेंटर के मुताबिक, तीन जनवरी 1978 में की गई अपनी भारत यात्रा में जिम्मी कार्टर और उनकी पत्नी रोसलयन्न कार्टर ने दक्षिण पश्चिमी दिल्ली से करीब घंटे भर की दूरी पर हरियाणा के गुरुग्राम में पड़ने वाले दौलतपुर नसीराबाद गांव का दौरा किया था। उनकी इस यात्रा को भारत के साथ व्यक्तिगत संबंध स्थापित करने के लिए भी याद किया जाता है। इसके तुरंत बाद गांव वालों ने अपने गांव का नाम कार्टरपुरी रख दिया था। जब राष्ट्रपति कार्टर ने वर्ष 2002 में नोबेल पुरस्कार जीता था। तब इस गांव में भी उत्सव मनाया गया था। इतना ही नहीं राष्ट्रपति कार्टर के कार्यकाल में गांव वाले व्हाइट हाउस से संपर्क में भी रहे। कार्टर सेंटर एक गैर सरकारी संगठन है। जिसकी स्थापना स्वयं कार्टर ने की थी।

### हनीट्रेप गैंग की एक और महिला रीना गिरफ्तार

**बरेली।** हनीट्रेप गैंग के खिलाफ पुलिस ने अभियान छेड़ दिया है। महिला गैंग लीडर की गिरफ्तारी के बाद पुलिस लगातार इस मामले में कार्रवाई कर रही है। शनिवार को इसी गिरोह की एक महिला को बारादरी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। यह महिला पुलिस आठ माह से फरार थी, पुलिस से बचने के लिए दिल्ली और पंजाब को नया ठिकाना बना लिया था। बारादरी क्षेत्र के डोहरा गोटिया की रहने वाली रीना सागर को पुलिस ने शनिवार को बारादरी पुलिस ने मिनी बाईपास रोड पर एक निजी अस्पताल के पास से उसे गिरफ्तार कर लिया है। रीना अब तक दो दर्जन से ज्यादा लोगों को अपने जाल में फंसाकर ब्लैकमेल करके पैसे वसूल चुकी है।



CMYK CMYK

## भारतीय रिजर्व बैंक ने रिपोर्ट में जताया अनुमान

# भारतीय अर्थव्यवस्था 2025 में होगी मजबूत, 6.6 फीसदी रहेगी वृद्धि दर

मुंबई हलचल / मुंबई

*भारतीय अर्थव्यवस्था मजबूती और स्थिरता का प्रदर्शन कर रही है तथा चालू वित्त वर्ष में सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि दर 6.6 प्रतिशत रहने का अनुमान है। भारतीय रिजर्व बैंक की एक रिपोर्ट में सोमवार को यह अनुमान जताया गया।*

केंद्रीय बैंक ने कहा कि अर्थव्यवस्था को ग्रामीण खपत में सुधार, सरकारी खपत और निवेश में तेजी तथा मजबूत सेवा निर्यात से समर्थन मिला है। रिजर्व बैंक ने वित्तीय स्थिरता रिपोर्ट का दिसंबर, 2024 का अंक जारी किया है।

रिपोर्ट भारतीय वित्तीय प्रणाली की जुझारू क्षमता और वित्तीय स्थिरता के जोखिमों पर वित्तीय स्थिरता और विकास परिषद की उप-समिति के सामूहिक मूल्यांकन को दर्शाती है। इसमें कहा गया, 'अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक मुनाफा बढ़ने, गैर-निष्पादित आस्तियों में कमी, पर्याप्त पूंजी और नकदी भंडार के कारण अच्छी स्थिति में हैं। परिसंपत्तियों पर प्रतिफल और इक्विटी पर प्रतिफल दशक के उच्चतम स्तर पर हैं, जबकि सकल गैर-निष्पादित आस्ति (जीएनपीए) अनुपात कई साल के निचले स्तर पर आ गया है।'

### एससीबी के पास अतिरिक्त पूंजी

रिपोर्ट में यह भी कहा गया कि व्यापक दबाव परीक्षण से पता चलता है कि अधिकांश एससीबी के पास प्रतिकूल स्थिति में पर्याप्त मात्रा में अतिरिक्त पूंजी है। एफएसआर में अर्थव्यवस्था के बारे में कहा गया कि 2024-25 की पहली छमाही के दौरान सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि घटकर छह प्रतिशत पर आ गई, जो 2023-24 की पहली और दूसरी छमाही में क्रमशः 8.2 प्रतिशत और 8.1 प्रतिशत थी। आरबीआई ने कहा, ''इस हालिया सुस्ती के बावजूद संरचनात्मक वृद्धि चालक बरकरार हैं। घरेलू चालक, मुख्य रूप से सार्वजनिक खपत और निवेश तथा मजबूत सेवा निर्यात के कारण 2024-25 की तीसरी और चौथी तिमाही में जीडीपी की वृद्धि दर में सुधार होने की उम्मीद है।



### खाद्यान्न कीमतों में नरमी आने की उम्मीद

रिपोर्ट में मुद्रास्फीति के बारे में कहा गया कि बंपर खरीफ फसल और रबी फसल के चलते आगे चलकर खाद्यान्न कीमतों में नरमी आने की उम्मीद है। हालांकि, चरम मौसम की घटनाओं के बढ़ते रुझानों के कारण जोखिम बने हुए हैं। भू-राजनीतिक संघर्ष वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला और जिंस कीमतों पर दबाव डाल सकते हैं।

### अर्थव्यवस्था में सुधार की संभावना

भारतीय रिजर्व बैंक के नवनियुक्त गवर्नर संजय मल्होत्रा ने सोमवार को कहा कि 2025 में उच्च उपभोक्ता व कारोबारी विश्वास के बल पर भारतीय अर्थव्यवस्था की संभावनाएं बेहतर होने की उम्मीद है। केंद्रीय बैंक के वृद्धि के मुकाबले मुद्रास्फीति को प्राथमिकता देने को लेकर सरकार की आलोचना के बीच मल्होत्रा ने यह बात कही है। वित्तीय स्थिरता रिपोर्ट की प्रस्तावना में मल्होत्रा ने लिखा, 'भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए उच्च वृद्धि पथ को समर्थन देने के लिए वित्तीय स्थिरता को बनाए रखने का प्रयास करने के साथ-साथ हमारा ध्यान वित्तीय संस्थानों की स्थिरता तथा अधिक व्यापक रूप से प्रणालीगत स्थिरता बनाए रखने पर भी है।'

### बैंकों का सकल एनपीए 12 साल के निचले स्तर पर

बैंकों की संपत्ति की गुणवत्ता में सुधार जारी है और उनकी सकल गैर-निष्पादित आस्तियां (जीएनपीए) या खराब ऋण अनुपात सितंबर, 2024 में घटकर 12 साल के निचले स्तर 2.6 प्रतिशत पर आ गया। भारतीय रिजर्व बैंक ने सोमवार को यह जानकारी दी। केंद्रीय बैंक ने कहा कि कर्ज चुकाने में चूक की कमी और स्थिर ऋण मांग के चलते ऐसा हुआ। आरबीआई ने ऋण को बट्टे खाते में डालने में तेज वृद्धि पर भी चिंता जताई। खासकर निजी क्षेत्र के बैंकों (पीवीबी) के बीच ऐसा देखा जा रहा है। इससे बिना गारंटी वाले ऋण खंड में बिगड़ती संपत्ति गुणवत्ता को छुपाया जा सकता है। आरबीआई की वित्तीय स्थिरता रिपोर्ट के दिसंबर, 2024 अंक के अनुसार, शुद्ध एनपीए अनुपात लगभग 0.6 प्रतिशत था।

# डग्गामार वाहनों के खिलाफ चला अभियान, इन नामचीन स्कूलों के 46 वाहनों के चालान, 10 सीज



**बरेली।** कमिश्नर सौम्या अग्रवाल के आदेश के बाद मंडल भर के स्कूली वाहनों की चेकिंग की गई। जिसमें बिना मानक के चल रहे वाहनों पर कार्रवाई की गई। पूरे मंडल 46 वाहनों के चालान किए गए और 10 वाहनों को सीज किया गया। जिसमें बरेली के नौ स्कूली वाहनों के चालान, बदायूं के 7 वाहनों के चालान, शाहजंहापुर के 6 वाहनों के चालान और पीलीभीत में 24 वाहनों के चालान हुए और 10 वाहनों को सीज किया गया। बेदी इण्टरनेशनल स्कूल, जयनारायन सरस्वती इण्टर कालेज, माधव राव सिंधिया, जी0डी0 गोयन का, विद्या वर्ल्ड, गुलाबराय मॉन्टेसरी, नालंदा पब्लिक स्कूल, वुडरो स्कूल, सेन्ट मारिया, सेन्ट एलफॉसो, होली क्राइस्ट स्कूल और तक्षशिला कॉन्वेन्ट स्कूल में चलने वाले 28 वाहनों की जांच की गई। जिसमें से नौ वाहन मानकों के विपरीत पाए गए। जिनके चालान किए गए। इसी तरह बदायूॅ में भी चेकिंग अभियान चलाया गया जिसमें कुल जनपद बदायूॅ 07 वाहनों का चालान किया गया। जिसमें सन बीम पब्लिक स्कूल, शिव देवी इन्टर कॉलेज, ए0पी0एस0 स्कूल में चलने वाले 7 वाहनों की चेकिंग की गई। बिना मानकों के चल रहे वाहनों के चालान किए गए। शाहजहॉपुर शहरी क्षेत्र में 35 स्कूलों के वाहनों की रैण्डम आधार पर जांच की गई। जिनमें अधिकांश वाहन सही पाए गए। वहीं ग्रामीण क्षेत्र में भी 35 वाहनों की जांच की गई। जिसमें 6 वाहनों पर चालान की कार्रवाई की गई। जिसमें दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल, कैम्ब्रिज कॉन्वेन्ट और राना पब्लिक स्कूल में चलने वाले वाहन शामिल हैं। पीलीभीत में 14 डग्गामार वाहनों पर कार्रवाई करते हुए 10 वाहनों को सीज किया गया, और 4 वाहनों को बन्द किया गया। फिटनेस समाप्त हो चुके 23 स्कूली वाहनों को नोटिस जारी किया गया। वहीं 24 वाहनों के चालान किए गए। कमिश्नर सौम्या अग्रवाल ने स्कूल प्रबंधन और अभिभावकों को निर्देश दिए हैं कि ऐसे वाहनों के कारण बड़े हादसे हो जाते हैं। इस पर गौर करना चाहिए।



# कैल्शियम की कमी से महिलाएं हो रही हैं इस बीमारी की शिकार

ऑस्टियोपोरोसिस की समस्या पुरूषों से ज्यादा महिलाओं में देखने को मिलती है। ऑस्टियोपोरोसिस (osteoporosis) हड्डी का एक रोग है जिससे फ्रैक्चर का खतरा बढ़ जाता है। 50 साल की उम्र के बाद हर तीन में एक महिला को यह समस्या होती है पुरुषों की तुलना में महिलाओं को यह समस्या कैल्शियम के कारण अधिक होती है। आइए जानते हैं कि आखिर क्यों महिलाओं कैल्शियम की कमी के इस रोग की चपेट में आ रही हैं।

## महिलाओं को क्यों जल्दी होता है ऑस्टियोपोरोसिस रोग

महिलाएं, पुरुषों के मुकाबले जन्म के वक्त से ही कमजोर होती हैं। वहीं बढ़ती उम्र के साथ-साथ महिलाओं की हड्डियों का द्रव्यमान ज्यादा तेजी से खत्म हो जाता है, जोकि इस रोग का कारण बनता है। दरअसल, हड्डियां कैल्शियम, फॉस्फोरस, प्रोटीन और कई तरह के मिनरल्स से बनी होती हैं। अनियमित जीवनशैली और बढ़ती उम्र के साथ महिलाओं में ये मिनरल्स जल्दी नष्ट हो जाते हैं। इससे हड्डियों का घनत्व कम हो जाता है और वह कमजोर होने लगती है। इसके अलावा कहीं न कहीं डाइटिंग भी महिलाओं में ऑस्टियोपोरोसिस का कारण बनती है। डाइटिंग के कारण महिलाओं के शरीर को पूरा पोषण नहीं मिल पाता, जिसके कारण वह इस रोग की चपेट में

### क्या है कारण?

कैल्शियम की कमी
व्यायाम न करना
बढ़ती उम्र के कारण
सॉफ्ट ड्रिंक पीना
ज्यादा नमक खाने
आनुवंशिक यानि जेनेटिक
प्रोटीन और विटामिन डी की कमी
शराब और धूम्रपान का सेवन
डायबिटीज और थाइरॉयड
जल्दी पीरियड्स खत्म होना
ऑस्टियोपोरोसिस के लक्षण
रीढ़, कलाई और हाथों में दर्द
हड्डी में जल्दी से फ्रैक्चर होना
बहुत जल्दी थक जाना
शरीर में बार-बार दर्द होना
कमर में दर्द होना
हड्डियों और मांसपेशियों में दर्द
पीठ के निचले हिस्से में दर्द
मामूली-सी चोट लग जाने पर फ्रैक्चर होना

## ऑस्टियोपोरोसिस का घरेलू इलाज

**1. नारियल का तेल**
नारियल तेल का सेवन हड्डियों का घनत्व बढ़ाता है और इससे शरीर में एस्ट्रोजन की कमी भी पूरी होती है। इससे आप इस बीमारी से बची रहती हैं। इसलिए नारियल तेल को अपनी डाइट में जरूर शामिल करें।

**2. बादाम का दूध**
कैल्शियम से भरपूर बादाम वाले दूध का सेवन शरीर में इसकी कमी को पूरा करता है, जोकि ऑस्टियोपोरोसिस से बचने के लिए जरूरी है। इसके अलावा बादाम के दूध में हड्डियों के लिए जरूरी तत्व मैग्नीशियम, मैगनीज और पौटेशियम भी शामिल होते हैं। इसलिए रोज 1 गिलास बादाम वाला दूध नियमित रूप से पीएं।

**3. तिल के बीज**
मैग्नीशियम, फॉस्फोरस, मैंगनीज, तांबा, जिंक और विटामिन डी से भरपूर तिल के बीज भी हड्डियों की कमजोरी को दूर करते हैं। इसलिए अगर आप इस बीमारी से बचना चाहती हैं तो रोज 1 मुट्ठी भुने हुए तिल चबा कर दूध पीएं।

**4. धनिया के बीज**
धनिया के पत्ते और बीज दोनों में ही मैग्नीशियम, आयरन, कैल्शियम, पोटेशियम और मैंग्नीज आदि पोषक तत्व होते हैं। धनिया के बीजों को गर्म पानी में उबालकर कुछ देर ढक कर रखें उसके बाद गुनगुना होने पर इसमें शहद मिलाकर पीएं। इसके अलावा आप इसके पत्तों और बीजों का इस्तेमाल खाना बनाने के लिए भी कर सकते हैं। इसका सेवन इस बीमारी के खतरे को काफी हद तक कम करता है।

**5. मछली का तेल**
मछली के तेल के सप्लीमेंट्स में ओमेगा-3 फैटी एसिड, कैल्शियम और विटामिन डी होता है जो हड्डी की घनिष्टता को बढ़ाने में मदद करता है। एक रिसर्च के अनुसार, मछली के तेल में मौजूद ओमेगा-3 फैटी एसिड हड्डी और मांसपेशियों को पहुंचने वाले नुकसान को कम करते हैं। इसलिए अपनी डाइट में 1000 मिलीग्राम मछली के तेल के सप्लीमेंट्स जरूर शामिल करें।

# इस तरह घर पर बनाकर लगाएं आंवला तेल, बाल दोगुनी तेजी से होंगे लंबे!



लड़कियां लंबे, सुंदर और घने बाल पाना चाहती है। अपनी इस चाहत को पूरा करने के लिए लड़कियां कई तरह के कैमिक्ल युक्त हेयर प्रॉडक्ट्स का इस्तेमाल करती हैं। मगर इन चीजों से कई बार बालों को फायदा पहुंचने की जगह पर नुकसान होने लगता है। ऐसे में आप आंवला तेल का इस्तेमाल करके भी बालों को लंबा, घना और मजबूत बना सकते हैं।

आंवला में विटामिन सी, कैल्शियम, फास्फोरस, आयरन, कैरोटीन और विटामिन बी, फाइबर और कार्बोहाईड्रेट जैसे तत्व भरपूर मात्रा में पाए जाते हैं। जो बालों को झड़ने से रोकने के साथ ही उनको लंबा बनाने का काम भी करता है। वैसे तो बाजार में कई आंवला तेल मिल जाएंगे मगर उनसे भी ज्यादा फायदा नहीं मिलता। ऐसे में आप घर पर ही आंवला तेल बनाकर बालों पर लगा सकते हैं। इस तेल का इस्तेमाल करने से कुछ ही दिनों में आपको फर्क दिखाई देने लगेगा।

## आंवला तेल बनाने की विधि

तेल बनाने के लिए सबसे पहले आंवला लें। इनको अच्छे से धोने के बाद इसके बीज निकालकर लें। इसके बाद आंवलों को अच्छे से पीस लें। पिसकर आंवले का जूस निकाल लें। अब आंवला जूस में नारियल का तेल मिक्स करके 10 से 15 मिनट के लिए उबलने के लिए रख दें। जब यह ब्राउन हो जाए तो गैस से उतार से लें और ठंडा होने के लिए रख दें। इस तेल को बाल धोने के 20 से 30 मिनट पहले लगाएं। कुछ ही दिनों में फर्क दिखाई देने लगेगा।

# पैरों पर आ रहे बदलाव भी करते हैं खराब सेहत की और संकेत

लोग अपनी सेहत को लेकर बहुत फिक्रमंद होते हैं। इसके लिए वह अपने शरीर में आने वाले छोटे से छोटे बदलाव पर खास ख्याल देते हैं लेकिन पैरों को नजरअंदाज कर देते हैं। पैरों में होना वाला दर्द, सूजन, खारिश, रूखापन, छाले, एडियों का फटना आदि के सेहत से जुड़ी परेशानियों पर संकेत देते हैं। जो आगे चलकर गंभीर बीमारियों का कारण बन सकते हैं। आ

**1. पैरों के नाखूनों का बदरंग होना**
पैरों के नाखूनों का बदलता रंग, इनका पीला या काला होना फंफूद और संक्रमण की ओर संकेत देता है। यह सोराइसिस और एक्जिमा की ओर इशारा करते हैं। कुछ लोग येलो नेल सिंड्रोम नाम की बीमारी के शिकार होते हैं। इसमें नाखूनो का रंग पीला पड़ जाता है। जो खराब सेहत की ओर इशारा करते हैं। यह फेफड़ो की सूजन या फेफड़ो में पानी भरने की ओर संकेत करते हैं। लगातार पैरों के नाखूनों का रंग बदल रहा है और प्रॉडक्ट्स का इस्तेमाल करने पर भी सही नहीं होता तो इसे नजरअंदाज न करें।

**2. पैरों का लगातार ठंड़ा रहना**
कुछ लोगों के पैर लगातार ठंडे रहते हैं। ऐसा ब्लड सर्कुलेशन में प्रॉब्लम की वजह से होता है। डायबिटीज, एनीमिया, हार्ट डीजिज, स्मोकिंग करने से भी पैरों में ठंड़क रहती है। शरीरिक कमजोरी के कारण भी पैर ठंड़े रहते हैं।

**3. एड़ियां फटना और पैरों का रूखापन**
शरीर में नमी की कमा के कारण पैर फटने शुरु हो जाता हैं। इसके अलावा एक्जिमा, डर्मेटाइटिस, सोराइसिस और एथलीट्स फूट के कारण भी पैरों की त्वचा रूखी सूखी और एड़ियां फटनी शुरू हो जाती है।

**4. पैरों में दर्द रहना**
कुछ लोगों के पैरों में लगातार दर्द रहता है। इसे नजरअंदाज करने से परेशानी बढ़ सकती है। शरीर में मैग्नीशियम की कमी होने से भी पैरों में दर्द होने लगता है। इसे पूरा करने के लिए बैलेंस डाइट लेना बहुत जरूरी है।

**5. पैरों से बदबू आना**
पैरों की साफ-सफाई करने के बावजूद भी कुछ लोगों के पैरों से बहुत बदबू आती है। इसका कारण फंगस और बैक्टीरिया हो सकते हैं। पसीना न सूखने के कारण भी पैरों में से बदबू आने लगती है और ज्यादा देर जूते पहनने से बैक्टीरिया ज्यादा पनपने शुरू हो जाते हैं। जिससे बाद में स्किन इंफैक्शन भी हो सकते हैं। मोजो हमेशा साफ-सुथरे रखने और पैर सूखे रखना बहुत जरूरी है।



दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

# मलाइका अरोड़ा का दिल छू लेने वाला नोट

**साल 2024** खत्म होने के साथ ही, अभिनेत्री मलाइका अरोड़ा ने एक गुप्त नोट शेयर किया है, जिसमें बताया गया है कि यह साल उनके लिए कैसा रहा। सोमवार को मलाइका ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक पोस्ट किया। नोट में लिखा था कि मैं तुमसे नफरत नहीं करती 2024, लेकिन तुम एक मुश्किल साल थे, चुनौतियों, बदलावों और सीख से भरे हुए। तुमने मुझे दिखाया कि ज़िंदगी पलक झपकते ही बदल सकती है और मुझे खुद पर ज्यादा भरोसा करना सिखाया। लेकिन, सबसे बढ़कर तुमने मुझे यह समझाया कि मेरा स्वास्थ्य, चाहे शारीरिक हो, भावनात्मक हो या मानसिक, सबसे ज्यादा मायने रखता है। ऐसी कई चीजें हैं जिन्हें मैं अभी भी नहीं समझ सकती, लेकिन मुझे विश्वास है कि समय के साथ, मैं उन सभी चीजों के कारणों और उद्देश्यों को समझ जाऊँगी जो हुईं। इस साल, मलाइका ने अपने पिता अनिल मेहता को खो दिया। कथित तौर पर 11 सितंबर को उनकी आत्महत्या से मौत हो गई। फिर, अर्जुन कपूर से उनके अलग होने की खबरें भी ऑनलाइन सामने आई। अर्जुन ने मलाइका के साथ अपने ब्रेकअप की पुष्टि की।



# भड़की श्वेता

**श्वेता तिवारी** 44 की उम्र में भी बेहद हसीन नजर आती हैं। सोशल मीडिया पर उनकी तस्वीरें खूब वायरल होती है। लेकिन वह अपने व्यक्तिगत जिंदगी को लेकर भी हमेशा सुर्खियों में बनी रहती हैं। सोशल मीडिया पर कभी बेटी के अफेयर की चर्चा की जाती है, तो कभी उनके तीसरी शादी की अफवाह सामने आती है। ऐसे में इस बारे में खुद श्वेता तिवारी क्या सोचती है इस पर उन्होंने एक इंटरव्यू के दौरान बात की। हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान श्वेता तिवारी ने पलक के डेटिंग रिपोर्ट्स के बारे में खुलकर बात की। इतना ही नहीं इस दौरान उन्होंने यह भी बताया कि उनकी शादी को लेकर सोशल मीडिया पर जो बातें चलती है, उसका उन पर क्या असर पड़ता है। श्वेता तिवारी ने बताया कि पहले जब सोशल मीडिया नहीं हुआ करता था तब उन्हें ऐसी खबरें परेशान करती थी लेकिन सोशल मीडिया आ जाने की वजह से इस तरह के खबरों की बाढ़ से आ गई है, तो अब यह खबरें उन्हें परेशान नहीं करती हैं। श्वेता तिवारी ने कहा बीते कुछ सालों में मैंने यह महसूस किया है कि लोगों की याददाश्त सिर्फ चार घंटे तक रहती है। उसके बाद वह खबर भूल जाते हैं तो चिंता क्यों करें? सोशल मीडिया की खबरों के मुताबिक मेरी बेटी हर तीसरे लड़के को डेट कर रही है और मैं हर साल शादी करती हूं। इंटरनेट के अनुसार मैं पहले ही तीन शादी कर चुकी हूं। यह चीजें अब मुझे प्रभावित नहीं करती। पहले करती थी क्योंकि पहले पत्रकार किसी एक्टर के बारे में अच्छा या बुरा लिखते थे, तो जब बुरा लिखा जाता था, तो उससे निपटना होता था। क्योंकि मार्केट में नेगेटिविटी बिकती है।






# राउडी राठौर 2 के फैंस को झटका

हाल ही में फिल्म राउडी राठौर 2 के बारे में चर्चा जोरों पर थी, जिससे दर्शकों में फिल्म को लेकर गहरा उत्साह और जिज्ञासा बनी हुई थी। 2012 में आई राउडी राठौर की सफलता के बाद, यह उम्मीद जताई जा रही थी कि इसकी सीक्वल जल्द ही आ सकती है। हालांकि, ताजातरीन खबरों के मुताबिक इस बहुप्रतीक्षित फिल्म के प्रोजेक्ट पर फिलहाल कोई काम नहीं हो रहा है। एक स्वतंत्र फिल्म इंडस्ट्री सूत्र ने जानकारी दी है कि राउडी राठौर 2 को लेकर मीडिया में खूब बातें हो रही हैं, लेकिन प्रोडक्शन हाउस की तरफ से इस फिल्म के लिए अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाए गए हैं। सूत्र ने यह भी बताया कि यह एक मेगा प्रोजेक्ट है और कई बड़े नाम इस फिल्म से जुड़ने के इच्छुक हैं। फिल्म को अब तक की सबसे मसालेदार फिल्म के तौर पर देखा जा रहा है। लेकिन फिलहाल इसके प्रोडक्शन की कोई आधिकारिक घोषणा या काम शुरू नहीं हुआ है।